

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

अमेरिकन अभिनेत्री सिडनी स्वीनी बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 166 ■ शुक्रवार 19 सितंबर 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# उल्हासनगर में साई-सेना गठबंधन का ऐलान

- साई पक्ष व शिवसेना मिलकर लड़ेंगे मनपा चुनाव
- सत्ता की चाबी रखने वाले जीवन इदनानी की बड़ी घोषणा
- साई पक्ष के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई

## शहर विकास शिवसेना के साथ मिलकर करेंगे- आशा इदनानी







**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के आगामी चुनाव से पूर्व शहर की राजनीति में एक और बड़ी घोषणा हुई है जिसमें साई पक्ष और शिवसेना दोनों मिलकर मनपा चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा गुरुवार 18 सितंबर की शाम 8 बजे रिजेंसी होटल में सांसद श्रीकांत शिंदे व साई पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी ने पत्रकारों के समक्ष की। इस कार्यक्रम में शिवसेना व साई पक्ष के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस घोषणा से भाजपा को लगातार झटके मिल रहे हैं।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर महानगरपालिका के चुनाव के बाद सत्ता निर्माण में साई पक्ष हमेशा से ही बड़ा रोल रहा है। सत्ता की चाबी साई पक्ष ने हमेशा अपने पास ही रखी थी। पूर्व महापौर आशा जीवन इदनानी ने कहा है कि शहर विकास इस बार शिवसेना के साथ मिलकर करेंगे। हमारे साथ श्रीकांत शिंदे जैसे युवा सांसद मौजूद हैं तो शहर का विकास जरूर होगा। इस साई सेना की सभा में शिवसेना नेता गोपाल लांडगे, सांसद श्रीकांत शिंदे, साई पक्ष से जीवन इदनानी, पूर्व महापौर आशा इदनानी, विधायक बालाजी किणीकर, राजेंद्र चौधरी, अरुण आशान, राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, नवीन दुधानी, इंदिरा उदासी, सुनील गंगवानी, एड. हरेश इदनानी, एड. जनक इदनानी, कुमार चैनानी सहित शिवसेना व साई पक्ष के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अंबरनाथ नपा की 3 जगह JCB से बड़ी तोड़क कार्रवाई




- कई दुकानों, टपरियों, हाथगाड़ियों, शेड पर अवैध निर्माणकर्ताओं से हड़कम्प

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में गैबनशाह दर्गा रोड से चिंचपाड़ा चौक तक मोरीवली नाका, केबी सड़क पर बनी दर्जनों चिकन विक्रेताओं की टपरियां एवं कोहोजगांव में नगर परिषद की आरक्षित भूमि पर अवैध रूप से पक्के बनाए गए कई दुकानों को नपा अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे ने मुख्याधिकारी के आदेश पर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया. जिसके कारण शहर पश्चिम में हाहाकार मच गया है. नपा ने अपने सुरक्षा रक्षकों को लेकर ये बड़ी कार्रवाई की है. कुछ जगह पर लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे ने उनकी एक नहीं सुनी. दर्गा के सामने सड़क के किनारे, चिंचपाड़ा चौक तक 20 से 25 टपरियों, हाथगाड़ियों, छपरों, प्लास्टिक के शेड एवं फ्लैक्सी बोर्ड को जेसीबी एवं दर्जनों नपा कर्मचारियों की सहायता से ध्वस्त करके कई टपरियों का नपा ने जब्त भी किया है. नपा से जानकारी मिली है कि मुस्लिम जमात ट्रस्ट की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है. इससे पूर्व भी इस सड़क पर कई बार कार्रवाई करने के बाद भी अवैध टपरियां वापस लग जाती थी. यहां पर अग्निशमन दल का केंद्र भी है. दूसरी बड़ी कार्रवाई केबी सड़क के किनारे, मोरीवली नाका पर अवैध बने चिकन सेंटर की कई दुकानों को भी जेबीसी से ध्वस्त कर दिया गया. चिकन विक्रेताओं ने आरोप लगाया है कि नपा के कर्मचारियों ने मुर्गियों से भरे लोहे के डरबे को भी जेसीबी से तोड़ दिया, जिसके कारण उनकी जिंदा मुर्गियां मर गई. कोहाज गांव में आरक्षण क्र. 14, 15, 16 जो कि प्लेग्राउंड एवं गार्डन के लिए आरक्षित है. यहां पर 7 अवैध पक्की दुकानें बन गई थी, जिसे नपा ने ध्वस्त कर दिया. इन तीन बड़ी कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया है. ये कार्रवाई लगभग तीन घंटे तक चली.

# उल्हासनगर में वार्ड गठन पर सुनवाई आज

- नागरिकों की आपत्तियों और सुझावों पर निर्णय
- विभिन्न विभागों को ज़िम्मेदारियाँ




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के आम चुनाव में वार्ड गठन के प्रारूप पर नागरिकों की आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई होगी। पूरा महानगरपालिका प्रशासन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के लिए तैयार है। आयुक्त मनीषा अव्हाले के आदेशानुसार, शुक्रवार (19) को शहीद जनरल अरुण कुमार वैद्य हॉल में होने वाली इस सुनवाई के दौरान पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए महानगरपालिका के विभिन्न विभागों को अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। उल्हासनगर महानगरपालिका आम चुनाव की पृष्ठभूमि में, वार्ड गठन के प्रारूप पर नागरिकों, संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों और सुझावों पर अब शुक्रवार को सुनवाई होगी। यह सुनवाई शहीद जनरल अरुण कुमार वैद्य हॉल (टाउन हॉल) में शुरू होगी। ठाणे के ज़िला कलेक्टर और भिवंडी महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यवाही होगी। सुनवाई के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो और कार्य सुचारू रूप से चले, इसके लिए नगर निगम के विभिन्न विभागों को स्पष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। यह जिम्मेदारी नगर सचिव, उपायुक्त (मुख्यालय), सुरक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता, आईटी विभाग के सिस्टम एनालिस्ट, जनसंपर्क अधिकारी, भंडार विभाग, लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है।

### विभागाध्यक्षों को आयुक्त के निर्देश

सुनवाई की तैयारियों में किसी भी प्रकार की ढिलाई या कोताही नहीं होनी चाहिए। चूँकि यह सुनवाई नागरिकों के विश्वास और प्रशासन की पारदर्शिता को बनाए रखने वाली एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए आयुक्त ने संबंधित विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना सुनिश्चित करे।

## अस्पताल से अपहृत बच्चे को GRP ने बचाया

**ठाणे.** मुंबई के केईएम अस्पताल परिसर से एक दिन पहले अपहरण किये गए डॉ साल के एक बच्चे को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बचा लिया.इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. जिसे बाद में भोईवाड़ा पुलिस के हवाले कर दिया गया.

केइएम अस्पताल से कथित रूप से बच्चे को अगवा करने के बाद उसे तुतारी एक्सप्रेस से ले जाया जा रहा था. मुंबई के एक नियंत्रण कक्ष ने बुधवार तड़के पड़ोसी ठाणे रेलवे पुलिस को तुतारी एक्सप्रेस के एस2 कोच में एक संदिग्ध व्यक्ति के एक बच्चे को लेकर भागने की कोशिश के बारे में सतर्क किया. तुतारी एक्सप्रेस मुंबई के दादर से महाराष्ट्र के सावंतवाड़ी के बीच चलती है.

# नेवाली पुलिस चौकी की दयनीय स्थिति

- बीट चौकी से टपक रहा है पानी
- खतरनाक चौकी से ड्यूटी कर रही पुलिस



**कल्याण.** किसी भी संकट में नागरिकों की मदद के लिए तत्पर रहने वाले कर्तव्यनिष्ठ पुलिस की नेवाली चौकी खतरनाक हालत में है. चौकी की दीवारों में दरारें हैं और भारी बारिश में पुलिस चौकी में पानी रिसता है, जिससे पुलिस को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कई वर्षों से लंबित थाने के विभाजन के मुद्दे को नजरअंदाज किया जा रहा है। नेवाली में खतरनाक स्थिति में मौजूद पुलिस चौकी की मरम्मत पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

हिललाइन पुलिस स्टेशन की नेवाली बिट चौकी कल्याण पूर्व के नेवाली में स्थित है। नेवाली सहित ग्रामीण क्षेत्रों की शिकायतों का निपटारा पुलिस इसी चौकी से करती है। हालाँकि, पुलिस का विश्राम और कार्य चौकी खतरनाक स्थिति में है। पुलिस इस खतरनाक पुलिस चौकी पर तिरपाल लगाकर इस बात का ध्यान रख रही है कि चौकी में पानी न घुसे।

वहीं दूसरी ओर, देखा गया है कि चौकी की पिछली दीवार में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। इससे दिन-रात ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की जान खतरे में पड़ गई है। क्या प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधि इस खतरनाक चौकी में पुलिस की ड्यूटी की समीक्षा करेंगे? यह सवाल उठ रहा है।

नेवाली समेत आसपास के इलाकों में शहरीकरण बहुत ज़्यादा है। इस वजह से नेवाली पुलिस चौकी पर काम का भारी बोझ है। भारी बारिश में पुलिस को पानी और गर्मी में भी पसीने की धाराओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सवाल यह है कि नेता और वरिष्ठ अधिकारी पुलिस की ड्यूटी पर कब ध्यान देंगे?

# उल्हासनगर में 24 घंटे पानी बंद



**उल्हासनगर.** एमआईडीसी के जांभुल जल शोधन केंद्र में ग्रेविटी चैनलों के उन्नयन और तत्काल मरम्मत के कार्य के कारण, उल्हासनगर की जलापूर्ति गुरुवार की मध्यरात्रि से शुक्रवार की मध्यरात्रि तक 24 घंटे के लिए बंद रहेगी। इसके बाद, शनिवार को कम दबाव पर जलापूर्ति की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करने और सहयोग करने की अपील की है।

मनपा के अनुसार, गुरुवार रात 12 बजे से शुक्रवार रात 12 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। यह समस्या इसलिए उत्पन्न हो रही है क्योंकि एमआईडीसी ने जांभुल जल शोधन केंद्र जलाशय (एचएसआर) में ग्रेविटी चैनल संख्या 1, 2 और 3 के उन्नयन और मरम्मत का कार्य शुरू किया है। इस कार्य के कारण, नगर निगम के कैंप संख्या 4, 5 और कैंप संख्या 3 के कुछ हिस्सों में जलापूर्ति बंद रहेगी। शनिवार को जलापूर्ति फिर से शुरू होगी; हालाँकि, यह कम दबाव और सीमित मात्रा में होगी। जल आपूर्ति विभाग ने नागरिकों को पहले ही आगाह कर दिया है कि इस दौरान वे पानी का दुरुपयोग न करें, उसका भंडारण करें और उपलब्ध पानी का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। प्रशासन के अनुसार, इन मरम्मत और उन्नयन कार्यों से भविष्य में शहर में अधिक कुशल और सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। इसलिए, नागरिकों से अपील की गई है कि वे अस्थायी असुविधा को सहन करें और प्रशासन का सहयोग करें। उल्हासनगरः एमआईडीसी के जांभुल जल शोधन केंद्र में मरम्मत कार्य किया जाएगा।

# 'चेहरा पहचान प्रणाली' से ठेका सफाई कर्मचारियों की दर्ज होगी उपस्थिति

## बदलापुर नगर पालिका की नई पहल




**बदलापुरः** शहर की सफाई व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले ठेका सफाई कर्मचारियों के लिए जल्द ही 'चेहरा पहचान उपस्थिति' (FRA) प्रणाली लागू की जाएगी। इससे उनकी उपस्थिति का रिकॉर्ड रखा जा सकेगा और काम अधिक व्यवस्थित व पारदर्शी हो सकेगा। कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने इसकी जानकारी दी है।

हाल ही में, भारतीय मजदूर संघ के सचिव लक्ष्मण कुदाव ने मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ और ठेकेदारों के समक्ष ठेका सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को रखा। उन्होंने कर्मचारियों को वेतन का भुगतान देर से करने, पहचान पत्र और वेतन रसीद जारी न करने, श्रमिक विकास कार्ड, वर्दी, मानसून सामग्री, वार्षिक अवकाश और निर्वाह निधि का अभाव जैसी कई शिकायतों पर स्पष्टीकरण दिया। साथ ही, उन्होंने कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जाँच, अनुबंध के अनुसार बीमा कवर, ठेकेदार बदलने पर भी कर्मचारियों का सेवा में बने रहना, घंटाघर कर्मचारियों का उचित पंजीकरण और 'समान कार्य, समान वेतन' नीति के कार्यान्वयन जैसी माँगें भी रखीं।

मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर पालिका इसके लिए हर संभव प्रयास करेगी। साथ ही, जल्द ही हस्ताक्षरित होने वाले नए अनुबंध में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएँगे। गायकवाड़ ने यह भी बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण बदलाव फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम (FRA) को अपनाना होगा।

कैसा होगा फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम ?

शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में दो अलग-अलग अटेंडेंस शेड बनाए जाएँगे। इस शेड में एक सिस्टम लगाया जाएगा और सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन उपस्थित होना होगा। उनकी उपस्थिति सीधे नगर पालिका के ऑनलाइन सिस्टम से जुड़ी होगी। कौन सा कर्मचारी कितने समय पर काम पर आया और कितने समय पर गया, इसका सटीक रिकॉर्ड रखा जाएगा। यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस ठेकेदार के कितने और कौन से कर्मचारी वास्तव में ड्यूटी पर हैं। काम अधिक पारदर्शी और अनुशासित हो जाएगा। अनुपस्थिति और अन्य अनियमितताओं पर तुरंत ध्यान दिया जाएगा।

# कटाई-निलजे रेलवे फ्लाईओवर पर गड्ढे ही गड्ढे



**कल्याण.** कल्याण शिलफाटा रोड (एक्सपीरिया मॉल के पास) पर कटाई निलजे फ्लाईओवर पर उद्घाटन के एक घंटे के भीतर ही गड्ढे हो गए। पिछले कुछ दिनों में ये गड्ढे और भी बड़े हो गए हैं और अब चाँद पर बने गड्ढों जैसे दिखने लगे हैं। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम को इन गड्ढों को भरने की पहल करनी चाहिए, अन्यथा उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी इस पुल पर विरोध प्रदर्शन किए बिना नहीं रहेगी, ऐसा कल्याण ग्रामीण उबाठा के उप जिला प्रमुख राहुल भगत ने चेतावनी दी है।

कटाई निलजे रेलवे लाइन पर बने फ्लाईओवर का उद्घाटन जल्दबाजी में किया गया। अब यात्रियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अगर पुल निर्माण ठेकेदार से सलाह-मशविरा करके पुल को खोला गया होता, तो इस पुल पर गड्ढे होने का समय ही नहीं लगता। ऐसा राहुल भगत ने कहा।

शिलफाटा रोड पर लगने वाले ट्रैफ़िक जाम से यात्री पहले से ही परेशान हैं। ख़ास तौर पर, कटाई निलजे फ़्लाईओवर पर बने गड्ढों से यात्रियों को परेशानी हो रही है, जो चाँद पर गड्ढों जैसे दिखते हैं। हर दिन चार से पांच दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों की चपेट में आ रहे हैं। अगर कोई नौसिखिया दोपहिया वाहन चालक या वाहन चालक इस पुल से गुजर रहा है, तो वह निश्चित रूप से इस पुल पर बने गड्ढे में गिर जाएगा।

# कल्याण में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने किया ऑल-न्यू CB125 Hornet और Shine 100 DX लॉन्च

## श्री स्वास्तिक होंडा, आहेर होंडा और विहान होंडा ने सामूहिक तौर पर ग्राहकों को शानदार डिलीवरी के साथ रोमांच बढ़ाया



**कल्याण.** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई - HMSI) ने कल्याण, महाराष्ट्र में ऑल-न्यू CB125 Hornet और Shine 100 DX को लॉन्च किया। ऑल-न्यू होंडा CB125 Hornet की कीमत 1,12,000 रुपये (विशेष इंट्रोडक्टरी ऑफर) और Shine 100 DX की कीमत 75,950 रुपये रखी गई है, दोनों कीमतें कल्याण, महाराष्ट्र में एक्स-शोरूम हैं। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों के लिए मेगा कस्टमर डिलीवरी भी शुरू कर दी है।

नई पीढ़ी के राइडर्स के लिए पेश, CB125 Hornet अपने स्पोर्टी स्टाइल और रोमांचक प्रदर्शन के साथ 'राइड योर रिज़' की भावना को दर्शाता है, जबकि Shine 100 DX अपनी विरासत को बेहतर फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ आगे बढ़ाता है, और ग्राहकों की 'सॉलिड है' ('Solid Hai') अपेक्षा को पूरा करता है। ग्राहक इन मोटरसाइकिलों को अपने नजदीकी होंडा ऑथोराइज्ड डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं।

होंडा CB125 Hornet में आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिज़ाइन है और इसे चार आकर्षक रंगों मेंः पर्ल सायरन ब्लू के साथ लेमन आइस यलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू के साथ एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और पर्ल सायरन ब्लू के साथ स्पोर्ट्स रेड में उतारा गया है। इसमें सेगमेंट में पहली बार गोल्डन USD फ्रंट फोर्क्स, ऑल-LED लाइटिंग सिस्टम, और ब्लूटूथ इनेबल्ड होंडा रोडसिंक कनेक्टिविटी के साथ 4.2-इंच का TFT डिस्प्ले है, जो नेविगेशन, कॉल और SMS अलर्ट तक आसान पहुंच प्रदान करता है।

### Shine 100 DX में डिजिटल LCD इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर

ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए, Shine 100 DX में डिजिटल LCD इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिसमें रियल-टाइम माइलेज, डिस्टेंस-टू-एम्प्टी, और सर्विस ड्यू रिमाइंडर डिस्प्ले होता है। नए Shine 100 DX में 98.98cc सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड, OBD2B अनुपालक इंजन है, जिसमें होंडा की विश्वसनीय eSP (एन्हांस्ड स्मार्ट पावर) टेक्नोलॉजी दी गई है, जो 5.43 kW की पावर और 8.04 Nm का पीक टॉर्क देता है, और इसे 4-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है।

अन्य फीचर्स में यूनिवर्सल टाइप-C चार्जिंग पोर्ट और सिंगल-चैनल ABS के साथ 240mm पेटल डिस्क शामिल हैं। CB125 Hornet में 123.94cc, सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड, OBD2B अनुपालक इंजन है, जो 8.2 kW की पावर और 11.2 Nm का पीक टॉर्क देता है, और इसे 5-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। यह मात्र 5.4 सेकंड में 0 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेता है, और इसे अपनी श्रेणी में सबसे तेज मोटरसाइकिल बनाता है।

होंडा Shine 100 DX ने अपनी प्रतिष्ठित 'Shine' विरासत को ताज़ा, प्रीमियम डिज़ाइन के साथ आगे बढ़ाया है। इसमें नया डिज़ाइन किया गया हेडलैंप, खूबसूरत क्रोम गार्निशिंग, स्कल्प्टेड चौड़ा फ्यूल टैंक, आकर्षक बॉडी ग्राफिक्स, और ऑल-ब्लैक इंजन व ग्रैब रेल के साथ क्रोम मफलर कवर शामिल है। यह चार शानदार रंगोंः पर्ल इग्नियस ब्लैक, इंपीरियल रेड मेटैलिक, एथलेटिक ब्लू मेटैलिक, और जेनी ग्रे मेटैलिक में उपलब्ध है।

# पत्नी-पीड़ितों का राज्यस्तरीय सम्मेलन

- मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता से मिली राहत



**उल्हासनगर.** पुरुष स्वाभिमानी फाउंडेशन द्वारा हाल ही में उल्हासनगर में एक राज्यस्तरीय सभा का आयोजन किया गया। यह फाउंडेशन अपनी पत्नियों द्वारा प्रताड़ित पतियों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। कैंप क्रमांक 4 स्थित शिवलीला गजरे हॉल में आयोजित इस ऐतिहासिक सभा में पूरे महाराष्ट्र से 500 से ज़्यादा पुरुष शामिल हुए। न्याय की तलाश में एक साथ आए इन पुरुषों ने अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाकर संघर्ष करने का एक नया संकल्प व्यक्त किया।

इस सभा की विशेषता यह है कि इसमें पत्नी-पीड़ितों के लिए कानूनी मार्गदर्शन, मनोवैज्ञानिक सहायता और सामाजिक जागरूकता का समावेश है। फाउंडेशन के अध्यक्ष एड. संकेत दाभाड़े और उपाध्यक्ष तुषार भोसले ने उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी मामलों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया।

विशेष रूप से, उन्होंने पत्नियों द्वारा प्रताड़ित पतियों के सामने आने वाली जटिल कानूनी समस्याओं, भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और उनके उचित उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की।

सभा में शामिल पुरुषों ने खुलकर अपने निजी अनुभव, संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा साझा की। इन अनुभवों को साझा करना ही इस कार्यक्रम की असली ताकत थी। एक-दूसरे की कहानियाँ सुनकर कई लोगों को मानसिक राहत मिली और उनमें यह विश्वास जगा कि इस लड़ाई में वे अकेले नहीं हैं। सभा ने एक सशक्त संदेश दिया कि पत्नी-पीड़ितों के मुद्दे केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के लिए भी एक गंभीर चुनौती हैं।

### संघर्ष के लिए एक व्यापक आंदोलन

पुरुष स्वाभिमानी फाउंडेशन, पति-उत्पीड़न के शिकार पुरुषों के लिए तीन मुख्य मोर्चों - कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और सामाजिक जागरूकता - पर काम करने वाला एक संगठन है। यह सभा इस आंदोलन की एक नई ताकत मानी जा रही है। इस अवसर पर, संगठन ने आने वाले दिनों में राज्य भर से और अधिक पुरुषों को एकजुट करके अधिकारों की लड़ाई को और भी व्यापक और प्रभावी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

### ऑनलाइन गेम ने छीनी जान

मानसून अभी लौट ही रहा था कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से तबाही मच गई। इस मौसम में कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने सैकड़ों नागरिकों का जीवन तो बेहाल किया ही, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। कई लोगों की जान चली गईं। फसलों का भी नुकसान हुआ। दशकों बाद पंजाब ने सबसे बुरा दौर देखा। कोई दोराय नहीं कि जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव भारत में भी दिखने लगा है।

ऋतु चक्र बिगड़ने से अधिक गर्मी पड़ने के साथ अब बेतहाशा बारिश भी होने लगी है। इस बार उत्तराखंड में 1,343.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जो कि सामान्य से बाईस फीसद अधिक है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में 1,010.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह सामान्य से छियालीस फीसद अधिक रही। भारतीय मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के लगातार सक्रिय रहने को इस अतिरिक्त बारिश का कारण बताया है। मगर इस विक्षोभ की निरतंरता को समझने की जरूरत है।

हालांकि, मध्य भारत में भी इस बार सामान्य से दस फीसद अधिक बारिश हुई है, लेकिन हिमालयी राज्यों में अधिक बारिश क्या प्रकृति की चेतावनी है, जिसकी हम लगातार उपेक्षा करते आए हैं। मौसम का मिजाज बिगड़ने की सबसे बड़ी वजह यह है कि मनुष्य प्रकृति को संरक्षित करने के बजाय उसे लगातार क्षति पहुंचा रहा है। अपनी सुविधा के लिए पहाड़ों को लगातार छलनी किया जा रहा है। शहरों से पर्यटन के लिए जाने वाले लोगों के लिए वहां एक के बाद एक निर्माण से भी स्थितियां गंभीर हुई हैं। रही-सही कसर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पूरी कर दी है। नतीजा पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि भारी बारिश और बादल फटने पर वे खुद को संभाल नहीं पाते और फिर भयावह मंजर सामने आता है। मैदानों के रिहाइशी इलाके तो उजड़ते ही हैं, राजमार्ग तक बह जाते हैं। हम भले ही विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, मगर अब इसकी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। ऐसे में प्रकृति के संरक्षण के लिए एक सीमा रेखा तो खींचनी ही होगी।

# विचार : वैचारिक भटकाव के शिकार आईआईटी

आईआईटी के जिन परिसरों में प्रयोगशालाओं, तकनीक, विज्ञान की गूंज होनी चाहिए, वहां अब विरोध, धरना और राजनीतिक नारे सुनाई देने लगे हैं। उसके इस वैचारिक भटकाव का उदाहरण बर्कले में एक सम्मेलन का आईआईटी-बांबे का सह-प्रायोजक बनना रहा। साउथ एशियन कैपिटलिज्म नामक यह आयोजन इंस्टीट्यूट फार साउथ एशिया स्टडीज और यूनिवर्सिटी आफ मैसाचुसेट्स-एम्हर्स्ट द्वारा किया गया। यह आयोजन भारतीय उद्योग और उद्यमिता को शोषण की व्यवस्था बताता था।

विरोध में आवाज उठने पर आईआईटी बांबे को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा कि उसका इस आयोजन से कोई लेना-देना नहीं। यह ध्यान रखा जाए कि आईआईटी की स्थापना का उद्देश्य विशिष्ट तकनीकी संस्थानों की रचना था, जहां से विज्ञानी, अभियंता और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ निकलकर भारत को आत्मनिर्भर बना सकें। प्रयोगशाला-आधारित शिक्षा, उपयुक्त अनुसंधान और पूर्व छात्रों का वैश्विक नेटवर्क ही आईआईटी की वास्तविक पहचान रहा है। इसी विशेष ध्येय ने उन्हें भारत के अन्य विश्वविद्यालयों से अलग और विशिष्ट बनाया, किंतु यूपीए शासनकाल में यह ध्येय विचलित होने लगा।

यशपाल समिति ने 2008–09 में अनुशंसा की कि आईआईटी और आईआईएम को बहुविषयी विश्वविद्यालय बनाया जाए। यह योजना सतही रूप में आकर्षक प्रतीत होती थी, किंतु वस्तुतः यह मार्गभ्रष्ट करने वाली थी। तकनीकी उत्कृष्टता के लिए निर्मित संस्थान को सामान्य विश्वविद्यालय का रूप देने का अर्थ था उसकी विशिष्ट पहचान का ह्रास।



आईआईटी में मानविकी विषयों का प्रसार संस्थान की प्रतिष्ठा में कोई नवीन मूल्य नहीं जोड़ सका है। इसके विपरीत, इसने उनकी स्थापित ख्याति का सहारा लेकर परिसर को राजनीतिक आंदोलनों और विचारधारात्मक टकरावों का मंच बना दिया है। इंजीनियरिंग छात्रों के लिए कुछ मानविकी विषयों का परिचय निश्चय ही हितकर है, लेकिन अब आईआईटी मानविकी विषयों में पूर्ण स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रम चला रहे हैं।

आईआईटी-मद्रास ने 2006 में पंचवर्षीय एमए प्रारंभ किया, जिसे बाद में द्विवर्षीय पाठ्यक्रमों- अर्थशास्त्र, अंग्रेजी और विकास-अध्ययन-में विभक्त किया गया। आईआईटी-गांधीनगर ने 2014–15 में 'समाज एवं संस्कृति' में एमए प्रारंभ किया। आईआईटी-बांबे और आईआईटी-दिल्ली अब अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, साहित्य तथा मनोविज्ञान में पीएचडी तक प्रदान कर रहे हैं। यह आईआईटी के उद्देश्य से उलट है। जहां अभियंताओं को व्यापक दृष्टिकोण देना था, वहां अब सामान्य विश्वविद्यालय जैसी समानांतर मानविकी शिक्षा स्थापित हो रही है।

मानविकी की वजह से परिसर में प्रायः राजनीति स्वतः प्रवेश कर जाती है। आईआईटी-मद्रास का अंबेडकर–पेरियार स्टडी सर्किल 2015 से विवादों में है। आईआईटी-बांबे में नागरिकता संशोधन कानून पर विरोध-आंदोलन हुए। आईआईटी कानपुर में छात्रों ने जामिया, एएमयू के समर्थन में जुलूस निकाला और फैज की कविता 'हम देखेंगे' पढ़ी। उस कविता को लेकर 'सांप्रदायिक' होने का आरोप लगा और आंतरिक जांच समिति गठित करनी पड़ी। ये दृश्य उन सामान्य विश्वविद्यालयों के प्रतीत होते हैं जहां वर्षों से राजनीति का वर्चस्व रहा है, किंतु आईआईटी जैसे तकनीकी संस्थानों के लिए यह अस्वाभाविक और हानिकारक है।

आईआईटी-दिल्ली के मानविकी विभाग की एक सहयोगी प्राध्यापिका ने 2023 में हिंदू धर्म को 'प्रपंच' करार दिया। ऐसे कथन आईआईटी की प्रतिष्ठा का उपयोग कर वैचारिक कलह फैलाते हैं, जबकि उनका संस्थान की तकनीकी पहचान से कोई संबंध नहीं है। आईआईटी का नाम इस प्रकार राजनीतिक और विचारधारात्मक युद्धभूमि बनाने के लिए प्रयुक्त होना संस्थान और राष्ट्र, दोनों के लिए घातक है। आईआईटी को 'सामान्य विश्वविद्यालय' बनाने का नुकसान यह है कि मानविकी विषयों का फैलाव महंगे विज्ञान और तकनीकी विषयों पर बोझ डालता है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

एक-एक करके, ईंट-ईंट करके, हम शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बंद नहीं हुए हैं भारत-अमेरिकी रिश्तों के दरवाजे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर हुई बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाने से बने अनिश्चितता के माहौल में इस बातचीत को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका एवं वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

इससे उस संभावना को भी बल मिला है कि आने वाले समय में शुल्क के मसले को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल की जा सकती है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा का प्रवाह होगा। क्योंकि, दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत से पहले भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता का नया दौर भी शुरू हो गया है, जो अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से थम गया था। यानी दोनों देशों के बीच रिश्तों पर जमी आशंकाओं और अविश्वास की बर्फ अब पिघलने लगी है।

ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर कई मसलों पर अपनी राय रखी और द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। यही नहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना भी की और यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद से ट्रंप ने पहली बार प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर उनसे बातचीत की है।



इसे इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि यह बातचीत दोनों नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर संदेशों के आदान-प्रदान के कुछ दिनों बाद हुई है और इससे संबंधों को फिर से बेहतर बनाने के संकेत मिलते हैं। ट्रंप ने पहले भारत से अमेरिका को निर्यात की जानी वाली वस्तुओं पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाया और फिर रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जुर्माने के तौर पर पच्चीस फीसद अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान कर दिया। इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। भारत ने अमेरिका के इस फैसले को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया था।

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकारों की ओर से भारत को लेकर जिस तरह के बयान आ रहे थे, उससे साफ नजर आ रहा था कि यह सिर्फ दबाव बनाने की रणनीति है। मगर, भारत की ओर से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि राष्ट्रहित से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। फिर चाहे बात शुल्क की हो या व्यापार समझौते में अमेरिकी शर्तों की। विदेशी मामलों के जानकारों का मानना है कि अमेरिका को लग रहा था कि उसकी शुल्क नीति से भारत दबाव में आ जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

इस बीच, पिछले दिनों चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भारत, रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों का एक मंच पर आना भी अमेरिका के लिए बड़ा कूटनीतिक संदेश था। इसके बाद ट्रंप का वह बयान भी चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। जाहिर है, अमेरिका विश्व में भारत की बढ़ती साख और अहमियत को ज्यादा दिन तक नजरअंदाज नहीं कर सकता और यही वजह है कि भारत से संबंधों को लेकर अब उसके रुख में नरमी देखी जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बातचीत को जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह आगे भी जारी रहेगा और साझा हितों को साधने की कोशिश की जाएगी।

# पति के ऊपर गिरी 128kg की बीवी, भारी वजन से पति की मौत

देक बीवी जो फटाफट अपने बेटे को देखने के लिए सीढ़ी चढ़ रही होती है, अचानक उसका पैर फिसलता है और भड़भड़ा कर पति के ऊपर गिर जाती है. लेकिन पत्नी का वजन इतना ज्यादा होता है कि पति इस वजन को सह नहीं पाता, फिर जो होता है जान आप भी अपना माथा ठोक लेंगे. चलिए आपको बताते हैं ये गजब मामला क्या है.

**जरा हट के**

दरअसल, मामला अहमदाबाद के राजकोट के रामधाम सोसायटी की है, सुबह करीब चार बजे की है. 68 साल के नटवरलाल और उनकी पत्नी मंजुला के बेटे को अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी. बेटे की तबीयत खराब देख उसकी मां मंजुला बहुत घबरा गईं. वह जल्दी-जल्दी सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जा रही थीं, लेकिन इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह संतुलन खो बैठीं.



मंजुला का वजन लगभग 128 किलो था, ऐसे में जब उनका पैर फिसला तो वह सीधा अपने पति नटवरलाल के ऊपर आ गिरी. यह गिरना इतना अचानक और जोरदार था कि नटवरलाल को संभलने का मौका तक नहीं मिला. भारी वजन के कारण उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं. मौके पर मौजूद परिवार के लोग तुरंत घबरा गए और दोनों को फौरन नजदीकी अस्पताल ले जाया गया.

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने नटवरलाल को मृत घोषित कर दिया. वहीं, मंजुला को भी चोटें आईं और उन्हें उपचार दिया गया. स्थानीय लोगों के अनुसार यह पूरा हादसा अचानक हुआ और इसका मुख्य कारण मंजुला का भारी वजन और सीढ़ियों पर पैर फिसलना था. वहीं पड़ोसियों ने बताया कि नटवरलाल और मंजुला एक खुशहाल परिवार का हिस्सा थे. वे अपने बेटे आशीष और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ रहते थे. किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक साधारण सी सुबह इतनी बड़ी त्रासदी में बदल जाएगी. अब ये मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है.




# मटर का पराठा

मटर के पराठे ब्रेकफास्ट के लिए काफी अच्छा ऑप्शन है। यह स्वादिष्ट तो होता ही है। साथ ही, यह हेल्दी भी होता है। इसलिए अगर आप ब्रेकफास्ट में कुछ टेस्टी और हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो यहां से नोट कर लें मटर के पराठे बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

- 2 कप गेहूं का आटा
- 1/2 चम्मच नमक
- 1.5 कप हरी मटर
- 1-2 हरी मिर्च
- 1/2 इंच अदरक का टुकड़ा
- 1/2 चम्मच जीरा
- 1/4 चम्मच हींग
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/4 चम्मच गरम मसाला
- नमक, स्वादानुसार
- 1 बड़ा चम्मच तेल या घी
- बारीक कटा हुआ हरा धनिया

**विधि :**

सबसे पहले एक बड़े बर्तन में



गेहूं का आटा और नमक मिलाएं। अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर नरम आटा गूंथ लें। आटे को ढककर 15-20 मिनट के लिए रख दें ताकि वह सेट हो जाए। अब मटर को उबाल लें और पानी छानकर निकाल दें। उबली हुई मटर, हरी मिर्च और अदरक को एक ब्लेंडर में डालकर दरदरा पीस लें। ध्यान रहे कि पेस्ट ज्यादा बारीक न हो।

अब एक पैन में तेल गरम करें। उसमें जीरा और हींग डालें और इसमें पिसी हुई मटर का मिक्सचर पैन में डालें और अच्छी तरह मिलाएं। धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक डालकर 2-3 मिनट तक भूनें ताकि नमी सूख जाए। आखिर में कटा हुआ हरा धनिया डालकर मिलाएं और गैस बंद कर दें। स्टफिंग को ठंडा होने दें। आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं। एक लोई लें और उसे थोड़ा बेल लें। इसके बीच में 1-2 चम्मच मटर की स्टफिंग रखें और लोई को बंद कर दें। इसे हल्के हाथों से पराठे का आकार दें।

एक तवा गरम करें। पराठा तवे पर डालें और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। दोनों तरफ थोड़ा घी या तेल लगाकर और सुनहरा और करारा होने तक सेंकें। गरमागरम मटर के पराठे को दही, अचार या अपनी पसंद की चटनी के साथ परोसें।

# सुबह की इन आदतों से स्मार्ट बनेंगे बच्चे

हर पेरेंट्स यही चाहते हैं कि उनका बच्चा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत और समझदार बने। इसकी शुरुआत डेली रूटीन से होती है, खासतौर पर सुबह की आदतों से। सुबह का समय ताजगी, एनर्जी और किसी भी चीज को करने या नई शुरुआत करने का प्रतीक होता है। अगर इस समय को सही ढंग से उपयोग किया जाए, तो बच्चे के जीवन में डिसिप्लीन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और पॉजिटिविटी विकसित हो सकती है। तो आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ सुबह की आदतें के बारे में जो आपके बच्चे को स्मार्ट बना सकती हैं।

### समय पर जागना

जल्दी उठने से बच्चों में डिस्प्लिन या अनुशासन की भावना पैदा होती है। यह बच्चे के शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक को संतुलित करता है और दिन की अच्छी शुरुआत करता है।

### बिस्तर ठीक करना

छोटी जिम्मेदारियों से दिन की शुरुआत करने से बच्चों में जिम्मेदारी का भाव आता है और आत्मनिर्भरता विकसित होती है।

### ताजी हवा में योग या व्यायाम

सुबह 15-20 मिनट का हल्का व्यायाम या योग बच्चों की एनर्जी को बढ़ाता है, एकाग्रता मजबूत करता है और उन्हें शारीरिक रूप से फिट रखता है।

### ध्यान या प्राणायाम

5 मिनट का मेडिटेशन बच्चों के दिमाग को शांत करता है और उनके अंदर भावनात्मक संतुलन व पॉजिटिव सोच को बढ़ावा देता है।

### नेचर के साथ कुछ समय बिताना

सूरज की हल्की धूप विटामिन डी का अच्छा स्त्रोत है, जो हड्डियों और इम्यून सिस्टम के लिए आवश्यक है।



### न्यूट्रीशन से भरपूर ब्रेकफास्ट

ब्रेकफास्ट स्किप करना बच्चों की सीखने की क्षमता पर असर डालता है। हेल्दी नाश्ता मस्तिष्क को आवश्यक एनर्जी प्रदान करता है।

### प्रेरणादायक कहानी या विचार सुनना

सुबह सुबह पॉजिटिव थिंकिंग वाली छोटी कहानी बच्चों में प्रेरणा जगाती है और उनका दृष्टिकोण बेहतर बनाती है।

### खुद की चीजें तैयार करना

अपना स्कूल बैग, यूनिफॉर्म या लंच खुद तैयार करना उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है और टाइम मैनेजमेंट सिखाता है।

### सुबह के शांत वातावरण में पूरे दिन की तैयारी

सुबह से शुरू होने वाली भागदौड़ से बचने के लिए समय रहते पूरे दिन की योजना बनाने से बच्चा मानसिक रूप से शांत और केंद्रित रहता है।

इन आदतों को अगर बचपन से रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल किया जाए, तो बच्चा न सिर्फ स्मार्ट, बल्कि अनुशासित, आत्मनिर्भर और पॉजिटिव व्यक्तित्व वाला बनता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे।

**वृषभ** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा।

**मिथुन** : कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।

**कर्क** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

**सिंह** : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या** : कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे।

**तुला** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा।

**वृश्चिक** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

**धनु** : दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

**मकर** : मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

**कुंभ** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

**मीन** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड़्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# नींद और स्किन का क्या है कनेक्शन ?

### जानें क्या है ब्यूटी स्लीप? सोना त्वचा के लिए क्यों जरूरी?

क्या आपने कभी गौर किया है कि जब नींद पूरी नहीं होती, तो चेहरा भी थका-थका लगने लगता है? आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स, स्किन का ग्लो गायब और मूड भी खराब – सब कुछ गड़बड़ सा लगता है. ये कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि आपके सोने के तरीके और स्किन के हेल्थ के बीच का कनेक्शन है. आजकल तो हर जगह 'ब्यूटी स्लीप' शब्द सुनने को मिल जाता है, लेकिन ये सिर्फ कोई ट्रेंड नहीं, असल में आपकी त्वचा की सेहत का बड़ा राज़ है.

दरअसल, ब्यूटी स्लीप का मतलब है वो गहरी, सुकूनभरी नींद, जिसमें आपका शरीर और स्किन खुद को रिपेयर करते हैं. दिनभर की थकान और धूल-प्रदूषण से स्किन को जो नुकसान होता है, उसकी मरम्मत रात को होती है. यही वजह है कि नींद पूरी लेने वाले लोगों का चेहरा ज्यादा फ्रेश और चमकदार दिखता है.

अगर आप देर रात तक फोन स्क्रॉल करते रहते हैं या नींद को हल्के में लेते हैं, तो अब वक्त है इसे बदलने का. अच्छी नींद न सिर्फ आपको एनर्जी देती है, बल्कि आपकी स्किन के नैचुरल ग्लो का भी सबसे बड़ा सीक्रेट है. तो आइए, जानते हैं ब्यूटी स्लीप के फायदे और वो आदतें जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करती हैं.

### ब्यूटी स्लीप क्या है?

हेल्थलाइन के मुताबिक, ब्यूटी स्लीप का मतलब सिर्फ आराम



करना नहीं, बल्कि वह समय है जब शरीर और स्किन खुद को रिपेयर करते हैं. नींद के दौरान कोलाजेन का प्रोडक्शन तेज होता है जो त्वचा को टाइट और ग्लोइंग रखता है. इससे त्वचा की कोशिकाएं खुद को रिन्यू करती हैं. इस दौरान ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे चेहरा फ्रेश दिखता है. अगर नींद अधूरी रहे, तो स्किन डल, थकी हुई और बेजान दिखने लगती है.

### नींद की कमी से स्किन पर असर

अगर नींद पूरी न हो, तो सबसे पहले असर चेहरे पर दिखता है. आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स उभर आते हैं, पफीनेस यानी सूजन बढ़ जाती है और चेहरा थका-थका लगने लगता है. लंबे समय तक ऐसा चलता रहा तो स्किन की प्राकृतिक चमक कम हो सकती है और चेहरा बेजान लगने लगता है.

### झुर्रियां और उम्र से पहले बूढ़ा लुक

कम नींद लेने से स्किन का कोलाजेन टूटने लगता है. यही कोलाजेन त्वचा को टाइट और लचीला बनाए रखता है. जब इसकी कमी होती है, तो झुर्रियां जल्दी नजर आने लगती हैं और चेहरा अपनी यंग लुक खो सकता है.

### रिसर्च क्या कहती है

एक स्टडी के मुताबिक, जो लोग हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद लेते हैं, उनकी त्वचा उन लोगों से ज्यादा हेल्दी, टाइट और जवान दिखती है जो नींद को हल्के में लेते हैं. स्किन का नेचुरल ग्लो, स्मूदनेस और हाइड्रेशन, ये सब अच्छी नींद पर ही निर्भर करते हैं.

# मधुमक्खियां भी लेती हैं नींद, मगर इंसानों से बिल्कुल अलग

क्या आप जानते हैं कि मधुमक्खियां भी सोती हैं? लेकिन इंसानों की तरह लंबी नींद नहीं. दिनभर और रात में कई छोटी-छोटी झपकियां लेती हैं. यही आराम उनकी याददाश्त, नृत्य भाषा और शहद बनाने की क्षमता को मजबूत करता है. बहुत लोग मानते हैं कि मधुमक्खियाँ कभी नहीं सोतीं. लेकिन असलियत यह है कि वे दिनभर काम करती हैं. फिर छोटी-छोटी झपकियां लेकर आराम भी करती हैं.





- इंसानों की तरह लंबी नींद लेने के बजाय मधुमक्खियां 24 घंटे में कई बार छोटी-छोटी झपकियां लेती हैं. यही उनके आराम करने का तरीका है.
- मधुमक्खियाँ दिनभर शहद और पराग इकट्ठा करने में व्यस्त रहती हैं. जबकि रात में उनकी गतिविधि धीमी हो जाती है. वे आराम करती हैं.
- कहते हैं पराग और रस लाने में व्यस्त मधुमक्खियां रात के समय अपनी गतिविधि कम कर देती हैं. आराम करती हैं. लेकिन पलक नहीं झपकती है.
- झपकी से उठने के बाद मधुमक्खियाँ खुद को साफ करती हैं, जैसे इंसान नींद से उठकर फ्रेश होते हैं.
- शोध बताते हैं कि नींद से मधुमक्खियों की याददाश्त और नृत्य के जरिए संदेश देने की क्षमता मजबूत होती है.
- नींद भले इंसानों से अलग हो, लेकिन मधुमक्खियों के स्वास्थ्य और शहद बनाने की क्षमता के लिए यह बेहद जरूरी है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पति के दूसरे निकाह से नाराज महिला ने दूसरी मंजिल से लगाई छलांग

**बुलंदशहर.** यूपी के बुलंदशहर में नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर में एक महिला ने अपने पति के दूसरे निकाह से नाराज होकर घर की दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। मोके भारी भीड़ जुटी गई। लोगों ने महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के छत से कूदने का डराने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मोहल्ला किदवई नगर के एक व्यक्ति ने पहली पत्नी से कोई संतान न होने के चलते दूसरा निकाह कर लिया था। इसके चलते व्यक्ति और उसकी पहली पत्नी के मध्य विवाद रहने लगा। वर्तमान में दोनों पक्षों के मध्य मामला पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन है। बताया जाता है कि महिला बीते दिन न्यायालय से तारीख करके घर लौटी थी। उसके बाद उसका पति से विवाद हुआ।

### मायके लेने गए पति ने पुल पर बाइक रोक पत्नी को नीचे दिया धक्का, हालत गंभीर

**आगरा.** यूपी के आगरा में ईदगाह रेलवे पुल (शाहगंज) पर बुधवार की रात एक युवक के दुस्साहस से राहगीरों के रौंगटे खड़े हो गए। युवक ने पुल पर अचानक बाइक रोकी और फिर पत्नी को पुल के ऊपर से नीचे धक्का दे दिया। युवती रेलवे लाइन से आगे गिरी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैफिक रुक गया। भीड़ ने पति को दबोच लिया। सूचना पर आई पुलिस ने पति को अभिरक्षा में ले लिया। महिला को इलाज के लिए भेजा। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि घटना बुधवार की शाम करीब साढ़े सात बजे की है। नेहरू कुंज, खेरिया मोड़ निवासी राजकुमार ने अपनी पुत्री चंचल की शादी नगला छऊआ निवासी कुलदीप से की थी। चंचल अपने मायके आई हुई थी। पति राजकुमार उसे लेने आया था। बाइक पर लेकर घर जा रहा था। पुलिस के अनुसार किसी बात पर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ। पति ने बाइक पुल पर रोकी और गुस्से में पत्नी को पुल से नीचे धक्का दे दिया। पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### बहन की ससुराल में भाई पर लाठी-डंडे-कुल्हाड़ी से हमला, पीट-पीटकर मार डाला

**फिरोजाबाद.** यूपी के फिरोजाबाद में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बेटी को बुलाने गए मायके वालों पर ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसमें विवाहिता का भाई गंभीर घायल हो गया। आगरा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं हमले में पिता सहित तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने हत्या में केस दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत के सामने घुटने टेकेंगे डोनाल्ड ट्रंप?

- नवंबर के बाद 25 फीसदी टैरिफ कम कर सकता है अमेरिका



**नई दिल्ली.** रूस से तेल आयात करने की वजह से भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घुटने टेकने के लिए मजबूर हो सकते हैं। नवंबर के बाद अमेरिका भारत पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को हटा सकता है। रेसिप्रोकल टैरिफ के नाम पर पहले अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया था। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने उम्मीद जताई है कि 30 नवंबर के बाद कुछ आयातों पर लगाया गया दंडात्मक शुल्क (25 फीसदी) वापस ले लिया जाएगा।

कोलकाता में मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए, सीईए नागेश्वरन ने कहा, 'हम सभी पहले से ही इस पर काम कर रहे हैं, और मैं यहां टैरिफ के बारे में बात करने के लिए कुछ समय लूंगा। हां, 25 फीसदी का मूल पारस्परिक टैरिफ और 25 फीसदी का दंडात्मक टैरिफ, दोनों की उम्मीद नहीं थी। मेरा अब भी मानना है कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण दूसरा 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया होगा, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों के हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए, मेरा मानना है कि 30 नवंबर के बाद दंडात्मक टैरिफ नहीं लगाया जाएगा।"

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर भी बातचीत चल रही है। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि अगले कुछ महीनों में दंडात्मक शुल्क और उम्मीद है कि पारस्परिक शुल्कों पर कोई समाधान निकल आएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की निर्यात वृद्धि दर, जो वर्तमान में 850 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की राह पर है, जो जीडीपी का 25 फीसदी है, जो एक स्वस्थ और खुली इकॉनमी का संकेत है। ट्रंप ने दर्जनों देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (IEEPA) लागू किया था। यह 1977 का एक कानून है जिसे विदेशी आपात स्थितियों के समय प्रतिबंधों और वित्तीय नियंत्रण के लिए बनाया गया था। भारत पर पहले 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया, लेकिन बाद में रूस से तेल खरीदने को लेकर एक्स्ट्रा 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया गया। इससे भारत से एक्सपोर्ट होने वाले सामानों पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि, भारत ने साफ किया है कि भारत राष्ट्र हित की वजह से रूस से तेल आयात कर रहा है।

# शूटरों के एनकाउंटर के बाद गैंगस्टर बोला-बदला लेंगे

- माफी नहीं मिलेगी;
- एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर की थी फायरिंग

यूपी के बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटरों के एनकाउंटर के बाद गैंग लीडर रोहित गोदारा ने धमकी दी है। गुरुवार को उसने फेसबुक पर लिखा- हमारे जो दो शूटर्स मारे गए हैं, हम इसका बदला लेंगे। ये एनकाउंटर हमारे जीवन की बहुत बड़ी क्षति है।

ये ढेर नहीं, शहीद हुए हैं। हम वो काम कर सकते हैं, जिसकी ये कल्पना भी नहीं कर सकते। इसमें जिसका भी हाथ है, वो चाहे कितना भी पैसे वाला हो या पावर वाला हो, वक्त लग सकता है। माफी नहीं है।

दरअसल, 11 और 12 सितंबर को बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग हुई थी। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने हरियाणा और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बुधवार शाम को गाजियाबाद में दो शूटरों को एनकाउंटर में मार गिराया। इनकी पहचान हरियाणा निवासी अरुण और रविंद्र के रूप में हुई थी।

मारे गए रविंद्र और अरुण दोनों पेशेवर शूटर थे। रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के सदस्य थे। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था। इसके अलावा, 11 सितंबर को फायरिंग करने वाले शूटर बागपत निवासी नकुल और विजय अभी फरार हैं।

# राहुल के प्रजेंटेशन में वोटर्स डिलीट कराने का दावा

- जिनके नाम कटे, उन्हें स्टेज पर बुलाया
- EC बोला- आरोप झूठे, नाम ऑनलाइन डिलीट नहीं होते




**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को 'वोट चोरी' पर दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की थी।

राहुल ने 31 मिनट के प्रजेंटेशन में वोट चोरी के आरोप लगाए और सबूत दिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा- चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है।

राहुल इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे वोटर्स को भी लेकर आए, जिनके नाम वोटर्स लिस्ट से डिलीट किए गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने फिर कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है। चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को गलत और निराधार बताया।

कहा- कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी वोट डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है।

# 'नेपाल को भारत का पूरा समर्थन है'

- सुशीला कार्की से PM मोदी ने की बात
- मौतों पर जताया दुख



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ फोन पर बात की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल में हुए हिंसक विरोध

प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और नेपाल में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के लिए भारत का अटल समर्थन दोहराया। साथ ही, उन्होंने नेपाल के संविधान दिवस पर सुशीला कार्की तथा नेपाल के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही, मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।'

#### जेन Z प्रदर्शनों का तांडव और सुशीला कार्की का उदय

नेपाल में सितंबर की शुरुआत भयावह हिंसा से हुई, जब 'जेन Z' आंदोलन ने भ्रष्टाचार, सोशल मीडिया प्रतिबंध और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर देशव्यापी हंगामा मचा दिया। 8 सितंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, सरकारी कार्यालयों और राजनेताओं के घरों पर हमला कर आगजनी की, जिससे काठमांडू सहित कई शहरों में अराजकता फैल गई। इस संकट के बीच पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 10 सितंबर को इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पडौल ने संवैधानिक प्रावधानों के तहत 12 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। 73 वर्षीय सुशिला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं, जिन्हें डिस्कॉर्ड प्लेटफॉर्म पर युवा प्रदर्शनकारियों के अनौपचारिक मतदान से चुना गया। उनकी भ्रष्टाचार-विरोधी छवि और न्यायिक अखंडता ने उन्हें जनता का चहेता बना दिया।

### हिंडनबर्ग के आरोपों में दम नहीं...

**मुंबई.** बाजार नियामक सेबी ने गौतम अडानी समूह को बड़ी राहत दी है। सेबी ने अडानी समूह पर अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए स्टॉक हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया है। सेबी ने बताया कि अडानी समूह से जुड़े आरोपों की जांच पूरी हो चुकी है और आरोप साबित नहीं हुए। सेबी के मुताबिक न तो नियमों का उल्लंघन हुआ, न ही मार्केट मैन्युपलेशन या इनसाइडर ट्रेडिंग के सबूत मिले हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि नियामक ने मामले में कोई उल्लंघन नहीं पाया। उसने कहा कि यह देखते हुए कि उस समय असंबंधित पक्षों के साथ इस तरह के लेन-देन संबंधित पक्ष सौदे के रूप में पात्र नहीं थे। इसका कारण 2021 के संशोधन के बाद ही परिभाषा का विस्तार किया गया था।

# 90 चुनाव हार चुके, कोर्ट में भी मुंह की खानी पड़ी

- राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के नए आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी जब-जब इन आरोपों को लेकर कोर्ट पहुंचे हैं तब-तब उन्हें मुंह की खानी पड़ी। राहुल के आरोपों पर जवाब देते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें कभी माफी मांगनी पड़ी को कभी कोर्ट की लताड़ खानी पड़ी।

ठाकुर ने कहा, 'राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगभग 90 चुनाव हार चुकी है। उनकी हताशा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है। गलत और निराधार आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत बन गई है। माफी मांगना और अदालतों से फटकार खाना राहुल गांधी की दिनचर्या बन गई है।'

भाजपा के अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि 'राहुल गांधी भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं।' ठाकुर ने राहुल गांधी पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि वह इस बात से निराश हैं कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस 90 चुनाव हार चुकी है और अब 'निराधार और गलत आरोप' लगा रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ''घुसपैठियों को बचाने की राजनीति'' राहुल का एकमात्र एजेंडा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यदि अवैध मतदाताओं को बचाने के कांग्रेस के कथित एजेंडे को अनुमति दी गई तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों को सबसे अधिक नुकसान होगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश

### 18 घंटे के बाद मिला लखनऊ में नाले में बहे बच्चे का शव, तीन किमी दूर गोमती में बरामद

**लखनऊ.** यूपी के लखनऊ में नाले में बहे बच्चे का शव बरामद किया गया है। 18 घंटे खोजने के बाद बच्चा गोमती में मिला। सदर में रामलीला मैदान के पास हैदर कैनाल में बुधवार शाम को गिरे सात वर्षीय वीर का शव गुरुवार सुबह गोमती नदी में 1090 के पास मिला। नाले में पानी के तेज बहाव के कारण करीब तीन किमी दूर तक वह बह गया था। जानकारी के अनुसार घटना के बाद से एसडीआरएफ, पुलिस और दमकल की टीमें बच्चे की नाले में खोजबीन कर रहे थे। गुरुवार सुबह रेस्क्यू में लगी टीमें खोजबीन करते हुए गोमती नदी में 1090 चौराहे के पास पहुंची। वहां बच्चा गोमती में मिला। टीमों ने बच्चे के डूबने के बाद कई किमी तक जाल भी नाले में लगा दिया था। इसके बाद भी बच्चा नहीं मिला था। पुलिस ने बच्चे का शव कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 21 सितंबर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान




- एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल
- दो टीमों का फैसला आज

एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने UAE को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है।

- भारत-पाकिस्तान मैच फिर एक बार क्यों?

पाकिस्तान ने UAE को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है।

- भारत-पाक मैच 21 सितंबर को ही क्यों?

टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने सुपर-4 स्टेज का शेड्यूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को A1 और A2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को B1 और B2 नाम दिया गया। शेड्यूल के मुताबिक, A1 और A2 के बीच 21 सितंबर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया।

# भगवान विष्णु पर टिप्पणी को लेकर घिरे CJI बीआर गवई ने दी सफाई

- VHP बोली- संयम रखें



**नई दिल्ली.** खजुराहो के प्रसिद्ध जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की मरम्मत करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस बीआर गवई ने एक टिप्पणी कर दी थी। इसको लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल हो रहा था। यही नहीं विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन ने भी चीफ जस्टिस को नसीहत दी थी कि वाणी पर संयम रखना चाहिए। अब इस मामले में खुद चीफ जस्टिस बीआर गवई का बयान आया है और उन्होंने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को सोशल मीडिया पर गलत ढंग से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझे अगले दिन बताया कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

चीफ जस्टिस ने यह टिप्पणी किसी मामले की सुनवाई के दौरान की। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं चीफ जस्टिस बीआर गवई को बीते 10 सालों से जानता हूं। वह हर धार्मिक स्थल जाते हैं और सभी का आदर करते हैं। मेहता ने कहा कि यह एक गंभीर मसला है। उन्होंने कहा कि हमने न्यूटन का लॉ पढ़ा है कि हर ऐक्शन का रिएक्शन होता है। लेकिन आज तो हर ऐक्शन पर सोशल मीडिया में गलत रिएक्शन होता है। उन्होंने कहा कि चीफ जस्टिस तो अकसर सभी धर्मों के स्थलों पर जाते हैं। वह सभी का आदर करते हैं।

वहीं कपिल सिब्बल भी इस दौरान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजों का सामना तो हम हर दिन करते हैं। इस तरह किसी को बदनाम नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि नेपाल में भी ऐसी ही चीजें हुई थीं। बता दें कि मूर्ति की मरम्मत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने याची को झिड़कते हुए कहा था कि आपकी अर्जी जनहित याचिका नहीं है बल्कि प्रचार याचिका है। उन्होंने कहा था कि यदि आप भगवान विष्णु के इतने कट्टर भक्त हैं तो फिर उन्हीं से प्रार्थना कीजिए। उनकी टिप्पणी का यह हिस्सा सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा था और लोग उनकी आलोचना कर रहे थे।

## लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक

# राजेंद्र लोढ़ा धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार



**मुंबई.** क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व निदेशक राजेंद्र एन. लोढ़ा को धोखाधड़ी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। 57 वर्षीय लोढ़ा को वर्ली इलाके से हिरासत में लिया गया, जहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 23 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। यह गिरफ्तारी कंपनी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है, जिसमें लगभग 85 करोड़ रुपए की वित्तीय हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।

लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड ने अपने पूर्व निदेशक राजेंद्र नरपतमल लोढ़ा, उनके बेटे साहिल लोढ़ा और कई सहयोगियों पर धोखाधड़ी, गबन तथा विश्वासघात के आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार, राजेंद्र लोढ़ा को कंपनी की ओर से केवल भूमि अधिग्रहण का अधिकार दिया गया था, लेकिन उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कंपनी की स्वामित्व वाली संपत्तियों की अनधिकृत बिक्री की। इसके अलावा, भूमि सौदों का कम मूल्यांकन कर कंपनी को नुकसान पहुंचाया गया और अवैध हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) लेनदेन में भी उनकी संलिप्तता पाई गई।

क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र लोढ़ा ने कंपनी के विश्वास को तोड़ा है। उन्होंने अनधिकृत तरीके से संपत्ति बेची और टीडीआर के माध्यम से करोड़ों रुपए का गबन किया। जांच में और सहयोगियों की भूमिका सामने आ रही है। हम पूछताछ के दौरान पूरी सच्चाई उजागर करेंगे।

अधिकारी ने बताया कि यह मामला रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है और पुलिस अन्य संभावित धोखाधड़ी की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने अन्य सहयोगियों की तलाश तेज कर दी है और जांच में नए खुलासे होने की संभावना है। इस गिरफ्तारी से मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में हलचल मच गई है। निवेशक और शेयरधारक कंपनी के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

# NSG कमांडो और दोस्तों ने 2 लोगों के हाथ-पैर काटे



- शराब कारोबारी की मौत
- भतीजे को लहूलुहान हालत में देखा तो चाचा बेहोश हो गए

शराब ठेका संचालक और दो साथियों को रास्ते में घेरकर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (NSG) कमांडो और उसके दोस्तों ने हमला बोल दिया। इनके हाथ में तलवार और अन्य धारदार हथियार थे। तलवार से शराब कारोबारी और उसके एक साथी के हाथ-पैर काट दिए।

घटना में शराब कारोबारी की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। हमले के दौरान दूसरा साथी हाईवे से नीचे गिर गया। उसे मामूली चोटें आई हैं। मामला बाड़मेर के सदर थाना इलाके का है।

उधर, मृतक के परिजन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बाड़मेर जिला अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा- पुलिस ने समय पर घायलों को हॉस्पिटल नहीं पहुंचाया। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराएंगे।

एसपी ने दोपहर करीब 1 बजे धरने पर बैठे लोगों को बताया- 2 आरोपियों को डिटेन कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों को 5 दिन में पकड़ लिया जाएगा। एसपी के आश्वासन के बाद लोगों ने दोपहर करीब 1.45 बजे धरना कर दिया और मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

#### दिल्ली में पोस्टेड है

SP नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- मर्डर का मुख्य आरोपी NSG कमांडो चंपालाल है। वह दिल्ली में पोस्टेड है। उसको लेकर दिल्ली में संबंधित अधिकारियों से बात की है। उसको पकड़ने के लिए टीमें भेजी जा रही हैं।

# हाई कोर्ट में तलवार लेकर दौड़ा वकील

**चंडीगढ़.** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल ने बुधवार की देर रात एक आपात बैठक कर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव और अन्य अधिवक्ताओं पर कथित तौर पर हमला करने वाले दो वकीलों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए हैं। उन दो आरोपी वकीलों में से एक को अदालत परिसर में तलवार लेकर जाते हुए देखा गया था। आरोप है कि दोनों वकीलों ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव पर हमला बोला है। एक बैठक में बार काउंसिल की एक विशेष अनुशासन समिति ने कहा कि दोनों आरोपी वकीलों रवनीत कौर और सिमरनजीत सिंह ब्लासी ने गंभीर दुर्व्यवहार किए हैं। अनुशासन समिति ने अपने आदेश में कहा, दोनों ने PHHCBA के सदस्यों के साथ-साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव को भी निशाना बनाया है। उनका ऐसा व्यवहार पूरे कानूनी पेशे का अनादर करने के समान है क्योंकि उन्होंने अधिवक्ता अधिनियम और बीसीआई नियमों के तहत निर्धारित नैतिक मानकों और पेशेवर कर्तव्यों का उल्लंघन किया है।

# घाटकोपर में हाईटेक रामलीला की तैयारी

- श्री रामलीला महोत्सव समिति की 62वीं बैठक सम्पन्न

मुंबई. घाटकोपर पश्चिम के माणिकलाल मैदान में श्री रामलीला महोत्सव समिति की 62वीं बैठक सम्पन्न हुई। विगत 61 वर्षों से सतत आयोजित हो रही रामलीला को इस वर्ष भी हाईटेक और अत्याधुनिक संसाधनों के साथ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।



भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

भूमिपूजन के उपरांत कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर सुनील दामोदर दुबे, ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष अशोक रमापति दुबे, संरक्षक मंडल अध्यक्ष रामसूरत पांडे, महामंत्री संजय सिंह तथा कोषाध्यक्ष सनद ओझा चुने गए। कार्यकारिणी में अन्य सदस्य के रूप में अंगद गिरी, चंद्रदेव पांडे, हरीश दुबे, संदीप सिंह, शशिकांत ओझा, संतोष दुबे, मोहन श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह, शिवम पांडे, भरत उपाध्याय, अनिल चौरसिया, प्रवीण सिंह, संजय उपाध्याय एवं शिवकुमार पांडे शामिल हैं।

## संक्षेप...

### जेसीबी मशीन की चपेट में आने से एक की मौत

घाटकोपर स्टेशन परिसर में नवनिर्माण के दरम्यान जेसीबी मशीन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है.जेसीबी चालक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है.जानकारी मिली है कि 35 वर्षीय पीड़ित व्यक्ति नशे में धुत था और मशीन के पास सो रहा था.कुर्ला में जीआरपी रेलवे पुलिस के वरिस्ठ पुलिस निरिछक शंभाजी यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि जेसीबी चालक भरत रामदास (35) यादव पर मामला दर्ज किया गया है आगे की जांच चल रही,जीसीबी चालक भांडुप खिंडी पाड़ा में रहता है .

# 'कोई खान मुंबई का मेयर नहीं बनना चाहिए...'

- **BMC चुनाव से पहले मुंबई बीजेपी चीफ का बयान**



मुंबई. मुंबई में निकाय चुनाव नजदीक आते-आते सियासी सरगर्मी काफी बढ़ गई है. बीजेपी के नवनियुक्त मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने इस बीच एक विवादित बयान दिया है, जो काफी सुर्खियों में है. एक कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय का हवाला देते हुए अमित साटम ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव शहर की सुरक्षा को लेकर हैं और कोई 'खान' मुंबई का मेयर नहीं बनना चाहिए.

मुंबई बीजेपी अध्यक्ष साटम का यह बयान विजय संकल्प रैली के दौरान आया, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी हिस्सा लिया.

पिछले महीने मुंबई अध्यक्ष नियुक्त किए गए अमित साटम ने कहा, 'लड़ाई मुंबई को सुरक्षित रखने की है. अंतरराष्ट्रीय देशों में घुसपैठ हो रही है और उनके रंग बदल रहे हैं. कुछ शहरों के मेयरों के सरनेम देखिए. क्या हम मुंबई में भी यही पैटर्न चाहते हैं?'

अमित साटम के इस बयान को लंदन और अन्य पश्चिमी देशों में चल रहे एंटी इमिग्रेशन प्रोटेस्ट से जोड़कर देखा जा रहा है. साटम का 'सरनेम' वाला बयान संभवतः लंदन के मेयर सादिक खान की ओर इशारा करता है, जिनकी जड़ें पाकिस्तान में हैं. अपनी तीखी टिप्पणी जारी रखते हुए साटम ने आगे कहा, 'वर्सोवा-मालवणी स्टाइल हर जगह फैल सकती है. मुंबईकरों के दरवाजे पर एक बांग्लादेशी होगा. कल हर वार्ड में एक हारून खान चुना जा सकता है और कोई खान मुंबई का मेयर बन सकता है. ऐसा मत होने दीजिए.'

**पार्टी कार्यकर्ताओं से हर घर पहुंचने का आग्रह**

मुंबई के वर्सोवा और मालवणी में मुस्लिम आबादी अच्छी-खासी है. यह टिप्पणी अवैध बांग्लादेशियों पर राज्यव्यापी कार्रवाई के बीच आई है, जो बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के लिए एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरा है. साटम ने ज़ोर देकर कहा कि बीजेपी की लड़ाई सिर्फ़ राजनीतिक नहीं, बल्कि विकास और सुरक्षा की है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से हर घर तक पहुंचने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि महायुति का कोई महापौर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) का कार्यभार संभाले.

# भिवंडी मनपा वार्ड संरचना प्रारूप की 84 आपत्तियों पर सुनवाई पूरी




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा चुनाव के लिए वार्ड संरचना प्रारूप के संबंध में प्राप्त कुल 84 आपत्तियों पर सुनवाई पूर्ण हो गई. ठाणे जिलाधिकारी डा.श्रीकृष्ण पांचाल ने आपत्ति एवं सुझावों पर सुनवाई हेतु मीरा भाईंदर मनपा प्रशासक,आयुक्त राधाबिनोद शर्मा (भा.पु.से.) को भिवंडी मनपा में अधिकृत किया था. भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में आयोजित मनपा सभागृह में हुई सुनवाई में प्रशासक,आयुक्त शर्मा ने तमाम आपत्तियों, सुझाव पर सुनवाई की.वार्ड संरचना संबंधित 84 शिकायतों में 68 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई.तमाम आपत्तियों का समाधान प्रशासक,आयुक्त शर्मा द्वारा किया गया. सुनवाई की रिपोर्ट ठाणे जिलाधिकारी डा.श्रीकृष्ण पांचाल द्वारा राज्य चुनाव आयोग को आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की जाएगी.

# भिवंडी में होर्डिंग, बैनर पर अधिकारी मेहरबान

- **प्रशासक, आयुक्त के आदेश की उड़ रही धज्जियां**




**भिवंडी.** भिवंडी शहर में भारी संख्या में सड़कों के किनारे,चौराहों पर लगे हुए होर्डिंग, बैनर हाई कोर्ट निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं. मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर की लाख कोशिशों, निर्देशों के बाद भी मनपा क्षेत्रीय अधिकारी शहर में चारों तरफ अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर,पोस्टर लगाने वालों पर मेहरबान है.अवैध होर्डिंग,बैनर,पोस्टर से परवाना विभाग को लाखों रुपए का प्रतिमाह नुकसान और शहर गंदा होने से अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है.मनपा परवाना विभाग और क्षेत्रीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों को खुश करने के लिए अवैध बैनर, होर्डिंग को लेकर आंखे बंद किए रहते हैं.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा 1 से 5 क्षेत्र अंतर्गत अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर की भरमार है.मनपा परवाना विभाग से बगैर मंजूरी लिए ही मनमाफिक तरीके से कहीं भी शहर में चारों तरफ लगे राजनीतिक दलों, स्कूलों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की प्रसिद्धि के बैनर,पोस्टर से शहर गंदा हो गया है. सड़कों, चौराहों पर लगे बैनर, होर्डिंग, पोस्टर पर अकस्मात दुपहिया चालक का ध्यान आकृष्ट होने से हादसों का शिकार भी बनते हैं.अवैध बैनर,पोस्टर,होर्डिंग से मनपा परवाना विभाग का लाखों रुपए का प्रतिमाह नुकसान होता है लेकिन अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं होने से अवैध बैनर,पोस्टर लगाने का धंधा फल फूल रहा है.भिवंडी में कहीं भी पोस्टर,बैनर लगाने की लोगों को छूट है.मनपा अधिकारियों की लापरवाही से ऐसा लगता है कि,मनपा परवाना विभाग से कोई मंजूरी लेने की जरूरत ही नहीं हैं. जागरूक नागरिकों की माने तो भिवंडी में करीब 3 वर्ष से प्रशासक राज जनता की खातिर सिरदर्द बन चुका है.प्रशासक राज में शहर विकास अवरुद्ध, चारों तरफ गंदगी, अवैध निर्माण की भरमार, बदहाल सड़क,पानी की कमी सहित जनहित समस्याओं का कोई निराकरण नहीं हो सका है.शहर के नागरिक जन समस्याओं के समाधान नहीं होने से परेशानी और दुख झेलने को विवश हैं.

**प्रशासक के आदेश को ठेंगा**

शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि,भिवंडी मनपा के तमाम अधिकारी अवैध कार्यों को बढ़ावा देने में मास्टर डिग्री हासिल कर चुके हैं .प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर के आदेशों को अधिकारी कोई तवज्जो ही नहीं देते हैं .प्रशासक सागर दिन भर मीटिंग कर शहर को साफ सुथरा, अतिक्रमण मुक्त,बैनर,पोस्टर हटाने की कड़ी हिदायत देते हैं लेकिन जमीन पर कोई काम होता नहीं दिखाई पड़ता है .लोगों का आरोप है कि,मनपा आयुक्त अनमोल सागर की कड़ाई के बाद कभी कभार दिखावे के लिए आंशिक तौर पर कार्यवाही कर अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं .देखने में लगता है अब अधिकारियों को प्रशासक का भी कोई खौफ नहीं है . भ्रष्ट अधिकारियों की फौज आर्थिक हित साधते हुए मनमर्जी से काम को अंजाम देकर मस्ती में रहते हैं .

# वाहन चोरी के 7 मामलों का खुलासा



- **आरोपी को गिरफ्तार कर 2.85 लाख का माल किया जब्त**

**ठाणे.** भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 303(2) के अंतर्गत कलवा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत खारेगांव क्षेत्र से सड़क किनारे खड़े एक ऑटो रिक्शा की चोरी के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। इस अपराध के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध शाखा को जांच करने के निर्देश दिए थे।अपराध शाखा यूनिट 1 ने जांच के दौरान, घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और पाया गया कि एक संदिग्ध आरोपी 11/09/2025 की रात को घटनास्थल पर आया और एक रिक्शा चुरा ले गया था। अपराध शाखा यूनिट 1 के अधिकारी दयानंद नाइक और संदीप महाडीक जांच में जुट गए।सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद 15 सितंबर को माजीवाड़ा घोड़बंदर रोड ठाणे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान करण बालू आढाव के रूप में हुई है।आरोपी की जाँच के दौरान यह पाया गया कि उसने ठाणे पुलिस आयुक्तालय में वाहन चोरी के 6 और अपराध किए हैं।इस मामले के लिए पुलिस उपायुक्त अपराध अमरसिंह जाधव, सहायक पुलिस आयुक्त, शेखर बागड़े,यूनिट 1 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़, पुलिस निरीक्षक विजय मोरे, पुलिस उपनिरीक्षक दीपक घुगे, पुलिस उपनिरीक्षक दयानंद नाइक, दीपक जाधव, सुनील माने, संदीप महाडिक, प्रशांत निकुंभ, नंदकुमार पाटिल, शशिकांत सावंत, पोसी सागर सुरलकर के निर्देश व मार्गदर्शन में किया गया।

000

# कार्डियक एम्बुलेंस का लोकार्पण



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** देशव्यापी पहल 'सेवा पंधरवाड़ा' के तहत बुधवार को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण केंद्र में हृदय रोगियों के लिए ठाणे सिविल अस्पताल की सेवा के लिए आवश्यक और रक्त के सुरक्षित भंडारण हेतु एक महत्वपूर्ण रक्त संग्रहण कार्डियक एंबुलेंस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

रोटरी क्लब ऑफ़ मुंबई वेस्ट कोस्ट चैरिटेबल ट्रस्ट गोरेगांव और जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने रोटरी क्लब ऑफ़ मुंबई वेस्ट कोस्ट चैरिटेबल ट्रस्ट गोरेगांव की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर फंड के तहत ठाणे जिला अस्पताल को एक कार्डियक एम्बुलेंस और एक रक्त संग्रहण वाहन समर्पित किया। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबिटकर, केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले उपस्थित थे।जीआईसी के प्रबंध निदेशक सचिन साल्वी, रोटरी क्लब ऑफ मुंबई वेस्ट कोस्ट चैरिटेबल ट्रस्ट की नूतन सिंह और अब्दुल बेग ने सिविल अस्पताल को कार्डियक एम्बुलेंस और रक्त संग्रहण वाहन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता के कारण, ठाणे जिले में स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में एक स्वर्णिम पृष्ठ लिखा गया है। इस कार्यक्रम में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा के साथ ही खेलकूद जरूरी -अनमोल सागर

- **40 स्कूलों के 550 छात्रों ने लिया भाग**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** शिक्षा के साथ ही बच्चों को खेलकूद पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए. खेलकूद से स्वास्थ्य बेहतर होता है. खेलकूद से जीवन में आगे बढ़ने की भावना पैदा होती है.

उक्त उद्गार मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर ने कोंबड पाड़ा स्थित स्व. राजय्या गाजेंगी सभागार में मनपा खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता उद्घाटन के दौरान व्यक्त किया. प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कुशल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, कोई भी खेल एकाग्रता के साथ खेलना चाहिए. शतरंज में यद्यपि बुद्धि का प्रयोग होता है. खेल की खातिर शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है. शतरंज के माध्यम से मन की एकाग्रता प्राप्त करना आवश्यक है. खेल में खिलाड़ियों की जीत-हार तो होती ही है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात खेल में भाग लेना है.

उक्त अवसर पर मनपा क्रीड़ा विभाग उपायुक्त विक्रम दराडे, शिक्षा विभाग उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, खेल विभागाध्यक्ष मिलिंद पलसुले, खेल अधिकारी शरद कलावंत, ठाणे जिला शतरंज संघ पदाधिकारी मोहित लाडे, भाजपा नेता, एमसीएचआई वाइस प्रेसीडेंट कृष्णा गाजेंगी सहित तमाम शतरंज खिलाड़ी तथा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे. शतरंज प्रतियोगिता में मनपा क्षेत्र के कुल 40 स्कूलों के कुल 550 छात्रों ने भाग लेकर अपनी कुशल खेल प्रतिभा का परिचय दिया.

# भिवंडी ठाणे बाईपास रोड पर भीषण सड़क दुर्घटना

- **बाप-बेटी की मौत**
- **पत्नी गंभीर रूप से घायल**




**भिवंडी.** मुंबई-नासिक हाईवे पर भिवंडी-ताहाणे बाईपास रोड पर हुए एक भीषण हादसे में बाप-बेटी सईम मकबूल खोत (48) और मरियम खोत (6) की मौत और उनकी पत्नी सुबी खोत गंभीर रूप से घायल हो गई हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पडघा के पास बोरीवली गाँव के साईं खोत, उनकी पत्नी सुबी और 6 साल की बेटी मरियम दोपहर में भिवंडी से अपने दोपहिया वाहन पर मरियम को चेकअप के लिए अस्पताल ले जाने के लिए निकले थे.जब उनका दोपहिया वाहन कुकसे गाँव की सीमा में साईं धारा वेयरहाउस कॉम्प्लेक्स के सामने सड़क पर पहुँचा, तो एक ट्रक की टक्कर से खोत का दोपहिया वाहन उसके पहियों के नीचे कुचल गया. खोत और उनकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई. गंभीर रूप से घायल पत्नी सुबी खोत को इलाज के लिए ठाणे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पडघा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ है.

# अमेरिकन अभिनेत्री सिडनी स्वीनी बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू

- **इंडस्ट्री से एक्ट्रेस को मिला 530 करोड़ का ऑफर**
- **अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म होगी**

हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी जल्द ही बॉलीवुड फिल्म में नजर आ सकती हैं। खबरों की माने तो बॉलीवुड फिल्म में काम करने के लिए सिडनी को 500 करोड़ रुपए से अधिक की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी ने एक्ट्रेस को 45 मिलियन पाउंड यानी कि 530 करोड़ रुपए की भारी-भरकम डील ऑफर की है।

द सन की रिपोर्ट में बताया गया है कि इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। इतनी बड़ी रकम देने के पीछे का मकसद सिडनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना है। मेकर्स उनके जरिए फिल्म को ग्लोबल प्लेटफॉर्म देना चाहते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में ये नहीं बताया गया है कि सिडनी ने इस डील को स्वीकार किया है या नहीं। लेकिन सिडनी के एक करीबी सोर्स के मुताबिक एक्ट्रेस इतनी बड़ी डील देखकर खुद चौंक गई थीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये फिल्म अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म होगी। फिल्म में सिडनी एक यंग अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक भारतीय सेलेब से प्यार हो जाता है। फिल्म की शूटिंग अगले साल लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में होगी।





## आम सूचना

मैं मिस माला रमेशलाल वासवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. जी-2, ग्राऊंड फ्लोर, नालंदा पैलेस, राजलक्ष्मी सोसायटी के पीछे, बैरक नं. ए-46 के पास, गोल मैदान, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय015428500) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनिष रमेशलाल वासवानी व मिस रेश्मा रमेशलाल वासवानी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 13.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस माला रमेशलाल वासवानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा रविंद्र निकम सभी को सूचित कर रही हूं कि प्रापर्टी, रामकिशन करोतिया नगर, सामने नाला पोर्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 10एओ008330600) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिल महेश जैसवाल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.6.2019 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा रविंद्र निकम**

## आम सूचना

मैं श्री निशांत प्रमोद इंगले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लॉक नं. ए-520, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009184100) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रमोद बी. इंगले ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 18.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री निशांत प्रमोद इंगले

## आम सूचना

मैं श्रीमती मीना राजेंद्र सुरवडे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, दुर्गा नगर ज्योति कालोनी के-12, लालचक्की एरिया, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय009457500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती हरियोदेवी सुजाराम चौधरी से सेल एग्रीमेंट दि. 16.9.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीना राजेंद्र सुरवडे**

## आम सूचना

मैं श्रीमती मीरा पूनमचंद गुरबाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 5, ग्राऊंड फ्लोर, ओम शांती अपार्टमेंट, शॉप एरिया भाटिया रोड, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 50डीआय010955500) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेशकुमार श्यामलाल वाधवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.8.2012 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीरा पूनमचंद गुरबाणी**

## आम सूचना

मैं श्री कुणाल रामदास भोसले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ012325800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कस्तुरीबाई मनोहर कावेडकर से सेल एग्रीमेंट दि. 12.9.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कुणाल रामदास भोसले**

## आम सूचना

मैं श्री दादाजी देवमन माहिरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, शिव शक्ति कॉलोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीओ009716200) उक्त प्रॉपर्टी श्री बिल्ला पी. वाघा से सेल एग्रीमेंट दि. 16.9.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दादाजी देवमन माहिरे**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा मनोहरलाल काछेला सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 480 चौ.फुट, रुम नं. 1, बैरक नं. 1790 के पास, एम आय सेक्शन, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 54डीआय013511100) उक्त प्रॉपर्टी मिस पूनम (पुत्री) दयालदास शामदासाणी अल्यास श्रीमती पूनम (पत्नी) उमेश तेजवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.2.2023 सी.नं. 94 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा मनोहरलाल काछेला**

## आम सूचना

मैं श्री हीरो नंदलाल परमानंद पेसवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि गाला नं. 102, 1ला माला, साई लीला काम्पलेक्स, बैरक नं. 472-ए, रुम नं. 12, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 22बीआय018417200) उक्त प्रॉपर्टी श्री नंदलाल किशिनचंद पेसवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.5.2014 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हीरो नंदलाल परमानंद पेसवाणी**

## आम सूचना

मैं श्री कुणाल रामदास भोसले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ008891600(पार्ट पोर्शन) उक्त प्रॉपर्टी श्री लाल तोलोमल जेठानी से सेल एग्रीमेंट दि. 29.7.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कुणाल रामदास भोसले**

## आम सूचना

मैं श्रीमती कशिश सन्नी काछेला सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, आन प्लाट बैरक नं. 1791 के पीछे, 450 चौ.फुट, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 54डीआय011570800) उक्त प्रॉपर्टी श्री नकुल गणपत यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.9.2022 सी.नं. 4083/2022 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कशिश सन्नी काछेला**



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099